# Topic 1 :– अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल / INTERPOL)

**चर्चा में क्यों :–** हाल ही में इंटरपोल के द्वारा भारत के एक सांसद के विरुद्ध ब्लू नोटिस जारी किया गया है




**नोटिस जारी करने का कारण :–** जिन भारतीय सांसद के खिलाफ यह नोटिस जारी किया गया है उन पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगे हुए हैं

**ब्लू नोटिस जारी करने का अर्थ :–** जब किसी व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक जांच चल रही हो तो उसके बारे में जानकारी जैसे की "किसी व्यक्ति की पहचान, अवस्थिति या गतिविधियों के बारे में" तो इंटरपोल उसे व्यक्ति से संबंधित अतिरिक्त जानकारी एकत्रित करने के लिए ब्लू नोटिस को जारी करता है

इंटरपोल / INTERPOL के बारे में

इसकी स्थापना 1956 में ल्योन (फ्रांस) में हुई थी। वर्तमान में इसके सदस्यों की संख्या भारत सहित 196 है

## इंटरपोल के प्रमुख कार्य:

इंटरपोल का मुख्य कार्य अपराधों से निपटने में सदस्य देशों की मदद करना है: जिसमे मुख्य है साइबर अपराध; आतंकवाद; तस्करी, संगठित अपराध; वित्तीय अपराध व भ्रष्टाचार ।

## इंटरपोल के संगठन की संरचना:

**अध्यक्ष :–** चुनाव महासभा द्वारा सम्पन्न किया जाता है, अध्यक्ष चार वर्ष के लिए नियुक्त किया जाता हैं।

**महासभा :–** इंटरपोल के शासन संचालन के लिए एक महासभा होती है :– यही महासभा वित्तीय,नीतिगत तथा अन्य मुख्य विषयों पर निर्णय लेने वाली सर्वोच्च निकाय है।

Result Mitra

इस महासभा अपनी  बैठक को प्रतिवर्ष आयोजित करती है। जिसमे  प्रत्येक सदस्य देश के प्रतिनिधि भाग लेते  हैं।

**सचिवालय :–** यह दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों का समन्वय करता है जिसमे अपराधों से लड़ने के लिए कार्य किए जाते है।

**एक पूर्णकालिक महासचिव :–** इसकी नियुक्ती सामान्य सभा द्वारा की जाती है । यह दैनिक गतिविधियों की देखरेख के लिए नियुक्त किया जाता है ।

## इंटरपोल नोटिस

इंटरपोल अपनी कार्यवाही के अंतर्गत चार प्रकार के नोटिस जारी करता है :– रेड नोटिस,येलो नोटिस,ब्लू नोटिस,ब्लैक नोटिस,ग्रीन नोटिस,ऑरेंज नोटिस और पर्पल नोटिस।

**इन नोटिस को इंटरपोल द्वारा चार भाषाओं में जारी किया जाता है** - अंग्रेजी, स्पेनिश, फ्रेंच और अरबी

**नोटिस जारी करने का उद्देश्य :–** सदस्य  राष्ट्रों के मध्य  सूचना का  आदान-प्रदान करना तथा  अनुसंधान में सहयोग प्रदान करना।

**रेड नोटिस** - यह किसी भगोड़े व्यक्ति का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के लिए जारी किया जाता है।

**येलो नोटिस** -  लापता व्यक्तियों, अक्सर नाबालिगों का पता लगाने में मदद करने के लिए, या ऐसे लोगों की पहचान करने में मदद करने के लिए जो खुद को पहचानने में असमर्थ हैं।

**ब्लू नोटिस** -  किसी अपराध  से संबंधित किसी व्यक्ति की पहचान, उसके  स्थान या उसकी  गतिविधियों के बारे में जानकारी एकत्र करने के लिए इस नोटिस को  जारी किया जाता है।

**ब्लैक नोटिस** - यह नोटिस तब जारी किया जाता है जब सदस्य देशों में अज्ञात शवों के बारे में जानकारी प्राप्त करनी हो

**ग्रीन नोटिस** - जब किसी व्यक्ति ने किसी देश में कोई आपराधिक कृत्य या अपराध किया हो और इस अपराध को किसी अन्य देश में दोहरा जाने की संभावना हो तब यह नोटिस  ऐसे व्यक्तियों के बारे में चेतावनी और खुफिया जानकारी प्रदान करने के लिए जारी किया जाता है।

**ऑरेंज नोटिस** - सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर और आसन्न खतरे  के बारे में चेतावनी प्रदान करने के लिए इस नोटिस को जारी किया जाता है।

**पर्पल नोटिस** - अपराधियों के द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले तौर-तरीकों, वस्तुओं, उपकरणों और छिपने के तरीकों की जानकारी प्राप्त करने या प्रदान करने के लिए इस प्रकार के नोटिस को जारी किया जाता है।

Result Mitra

## Topic 2:– भारत तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक बना

**चर्चा में क्यों :–** हाल ही में भारत सौर ऊर्जा उत्पादन के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है।

भारत ने यह उपलब्धि 2023 में ही हासिल कर ली थी इस बात की जानकारी "ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू" रिपोर्ट के द्वारा पता चली है



**"ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू" रिपोर्ट :–** इस रिपोर्ट का प्रकाशक यूनाइटेड किंगडम स्थित एक वैश्विक थिंक टैंक एम्बर द्वारा किया जाता है

यह एम्बर की 5वीं प्रकाशित रिपोर्ट है जिसके अनुसार भारत 2015 में सौर ऊर्जा उत्पादन के मामले में नौवें स्थान पर था परंतु 2023 में भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान को हासिल कर लिया है।

**वैश्विक विद्युत समीक्षा :**

ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू रिपोर्ट में शामिल देशों की संख्या 80 है, ये 80 देश वैश्विक बिजली मांग का 92 % का प्रतिनिधित्व करते हैं।

भारत में 2023 में कुल बिजली उत्पादन में सौर ऊर्जा का योगदान 5.8 प्रतिशत रहा।

एम्बर द्वारा प्रकशित "ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू' रिपोर्ट में वर्ष 2023 में दुनिया में सबसे अधिक सौर ऊर्जा उत्पादक करने वाले शीर्ष 10 देश इस प्रकार हैं :–

1. चीन

Result Mitra

2. संयुक्त राज्य अमेरिका

3. भारत

4. जापान

5. जर्मनी

6. ब्राज़िल

7. ऑस्ट्रेलिया

8. स्पेन

9. इटली

10. दक्षिण कोरिया

**भारत की बिजली उत्पादन से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण लक्ष्य:–**

देश के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की कार्बन तीव्रता (Carbon intensity) को 2030 तक, 2005 के स्तर से तक कम 45% तक करना।

2030 तक स्थापित संचयी विद्युत क्षमता का 50 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त करना।

2030 तक 500 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता हासिल करना।

भारत द्वारा नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य 2070 तक हासिल करना।

Result Mitra

## Topic 3:– महिलाओं के खिलाफ हिंसा से निपटने के लिए यूरोपीय संघ ने बनाया अपनाया पहला कानून।

**चर्चा में क्यों :-** यूरोपीय संघ के द्वारा महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसाओ से निपटने के लिए अपनाया पहला कानून बनाया गया है




इस नए कानून का मुख्य उद्देश्य यूरोपीय संघ में ( 27 देशों ) महिलाओं के प्रति होने वाली लिंग आधारित हिंसा, महिला जननांग विकृति ,जबरन विवाह और ऑनलाइन उत्पीड़न से महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करना है।

**यूरोपीय संघ के बारे में:**

इस यूनियन में कुल 27 देश सामिल है

**इस यूनियन का उद्देश्य :-** सभी सदस्य देशों का एक साथ संसक्त आर्थिक और राजनीतिक ब्लॉक के रूप में कार्य करना।

27 देश :- ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बुल्गारिया, क्रोएशिया,साइप्रस,चेक गणराज्य, डेनमार्क
एस्टोनिया
फिनलैंड
फ्रान्स
जर्मनी
यूनान
हंगरी
आयरलैण्ड
इटली
लातविया
लिथुआनिया
लक्ज़मबर्ग

Result Mitra

माल्टा
नीदरलैण्ड
पोलैंड
पुर्तगाल
रोमानिया
स्लोवाकिया
स्लोवेनिया
स्पेन
स्वीडन

यूनियन के 27 सदस्यों में से 19 सदस्य देश अपनी आधिकारिक मुद्रा के रूप में 'यूरो' का प्रयोग करते हैं, जबकि अन्य 8 सदस्य देश ( चेक गणराज्य, डेनमार्क, हंगरी, पोलैंड, बुल्गारिया, क्रोएशिया,रोमानिया, स्वीडन) यूरो का उपयोग नहीं करते ।

**यूरोपीय यूनियन के लक्ष्य :–**

यूनियन का मुख्य उद्देश्य सभी सदस्य देशों के लिए मूल निर्धारित करना, शांति की नीति बनाना और कल्याण को प्रोत्साहित करना।

सदस्य देशों तथा अन्य राष्ट्रों के साथ मिलकर वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति को बढ़ाने का प्रयास करना।

सदस्य देशों के मध्य आर्थिक, सामाजिक और क्षेत्रीय एकजुटता एवं समन्वय को कायम रखना और उनमें बढ़ावा देना।

एक ऐसे आर्थिक और मौद्रिक यूनियन को स्थापित करना जिसकी मुद्रा यूरो है।

सभी राष्ट्रों की समृद्ध सांस्कृतिक और भाषायी विविधता का आदर तथा सम्मान करना ।

Result Mitra

## Topic 4 :– राफ़ा शहर

**चर्चा में क्यों :–** हाल ही में इजराइल में रफा शहर पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी



हाल ही इजरायल की सेना  के द्वारा दक्षिणी गाजा पट्टी के शहर रफा पर कार्यवाही करने के लिए हजारों फिलिस्तीनियों को चेतावनी दी गई है कि वह जल्द से जल्द इस नगर को खाली कर दे।

इसराइल गाजा पट्टी पर  और अधिक जमीनी हमले करना चाहता है जिस कारण जमीनी हमले की बढ़ती आशंकाओं के बीच यह कदम इजराइल ने उठाया है

वर्तमान में  इस क्षेत्र में  लगभग 100,000 लोग रहते है जिन्हें  तट के साथ लगे "विस्तारित मानवीय क्षेत्र" में जाने का निर्देश इसराइल द्वारा किया  गया है।

**राफा के बारे में:**

राफा नगर  गाजा पट्टी के दक्षिणी भाग में स्थित है  यह शहर मिस्र की सीमा के नजदीक अवस्थित है इस शहर की आबादी वर्तमान में एक लाख के आसपास है

Result Mitra